आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.10.2026

समय : 0705

<><><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में संघ लोक सेवा आयोग के शताब्दी समारोह में शामिल होंगे।
2. उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में द्वीपों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए कई बैठकें कीं।
3. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से कल से किसानों की लंबित आवश्यकताओं को पूरा करने लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।
4. 'मिनी मैराथन' के मद्देनजर सेल्यूलर जेल से कार्बाइंस कोव तक का मार्ग कल सुबह साढ़े पांच बजे से वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में संघ लोक सेवा आयोग के शताब्दी समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।

उधर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज नई दिल्ली में रक्षा लेखा विभाग– डीएड के दो सौ उन्यासीवें वार्षिक दिवस समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर रक्षा मंत्री रक्षा लेखा विभाग की विभिन्न सूचना प्रौद्योगिकी पहलों का शुभारंभ करेंगे। इनमें भारतीय सेना की वित्तीय सूचना प्रणाली के विभाग के सक्षम प्लेटफॉर्म के साथ एकीकरण, रक्षा मंत्रालय के लिए संशोधित राष्ट्रीय संकलन प्रणाली और रक्षा मंत्रालय में राजकोषीय एकल खाता भुगतान शुरू करने के लिए भुगतान प्रक्रिया और एकीकृत प्रणाली प्रबंधन प्लेटफॉर्म शामिल हैं।

<><><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में प्रशासनिक अधिकारियों, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों, विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों

और गणमान्य नागरिकों के साथ द्वीपों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए कई बैठकें कीं। उन्होंने स्वास्थ्य सचिव और नागरिक उड्डयन सचिव से जी.बी. पंत अस्पताल के निरीक्षण के बाद दिए गए निर्देशों को समयबद्ध तरीके से लागू करने के निर्देश दिए तथा आगामी सी–प्लेन परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में ईंधन और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की भंडारण क्षमता को वर्तमान 16 दिनों से बढ़ाकर 90 दिन करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके अलावा सीएसआर फंड के माध्यम से विभिन्न द्वीपों में एम्बुलेंस, शव वाहन और एमआरआई मशीन सहित चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान द्वीपों में स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं, व्यावसायिक विकास और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विस्तृत चर्चा हुई।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा के जी.बी. पंत अस्पताल और अनिम्स दौरे के अनुपालन में, अस्पताल में स्वच्छ और मरीज के अनुकूल माहौल सुनिश्चित करने के लिए सफाई, स्वच्छता और समग्र रखरखाव प्रणालियों को और अधिक मजबूत किया गया है। स्वच्छता और सेवाओं के संबंध में मरीजों और उनके परिजनो से प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए अस्पताल में फीडबैक सिस्टम लागू किया गया है।

इसके अलावा जी.बी. पंत अस्पताल में मरीजों की सुविधा और बेहतर प्रबंधन के उद्देश्य से पंजीकरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित किया गया है। मरीजों की डिजिटल पहचान और त्वरित पंजीकरण के लिए सभी छह पंजीकरण काउंटरों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता सुविधा से लैस किया गया है।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा के शहीद द्वीप के अपने दौरे के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुपालन में, पर्यटन विभाग ने उन्नत परिवहन और बैठने की सुविधाओं के माध्यम से पर्यटकों की सुविधा बढ़ाने के उपाय शुरू कर दिए हैं। जेटी के मुख्य गेट से नाव तक पर्यटकों और यात्रियों के आवागमन को आसान बनाने के लिए जेटी पर बैटरी से चलने वाली गोल्फ कार्ट तैनात करने हेतु

निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। समुद्र तटों पर बैठने की बेहतर व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में बेंच भी लगाई गई हैं।

<><><><><><><><>

भारत सरकार ने पात्र किसान परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए वर्ष 2018–19 में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' शुरू की थी। इस योजना के तहत पात्र किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रूपये की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। अब तक इस योजना के तहत 23 किस्तें जारी की जा चुकी हैं। योजना को अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए अनिवार्य आवश्यकताएं लागू की गई हैं। इसी के मद्देनजर, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कल से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाकर इन लंबित आवश्यकताओं को पूरा कराने का अवसर प्रदान किया है, ताकि लाभार्थियों का एक सटीक और सत्यापित डेटाबेस तैयार किया जा सके। मंत्रालय ने ऐसे सभी पीएम–किसान लाभार्थी जिन्होंने अभी तक भूमि विवरण, ई–केवाईसी या बैंक खाते का आधार सीडिंग पूरा नहीं कराया है, उनसे इस विशेष अभियान के दौरान इसे अनिवार्य रूप से पूरा करने की अपील की है। विशेष अभियान समाप्त होने के बाद भी जिन किसानों की अनिवार्य आवश्यकताएं लंबित रहेंगी, उन्हें योजना के तहत निर्धारित आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से नए सिरे से आवेदन कर सभी अनिवार्य सत्यापन पूरे करने होंगे। अधिक जानकारी के लिए लाभार्थी संबंधित जोनल कृषि कार्यालय या नजदीकी कृषि उप–डिपो से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

72वें वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर आयोजित की जा रही 'मिनी मैराथन' के सुरक्षित संचालन के लिए यातायात व्यवस्था की गई है। इसके तहत सेल्यूलर जेल से गर्ल्स स्कूल होते हुए कार्बाइंस कोव तक का मार्ग कल सुबह साढ़े पांच बजे सें साढ़े आठ बजे तक वाहनों की आवाजाही के प्रतिबंधित रहेगा। आम जनता से इस अवधि के दौरान यातायात पुलिस द्वारा निर्देशित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने को कहा गया है।

<><><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय ने रेज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस– RAMP पर्यटन हस्तक्षेप, 2026–27 के अंतर्गत युवाओं के लिए दो विशेष कौशल विकास कार्यक्रमों हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसमें भोजन बनाने की कला, उसकी प्रस्तुति और स्वच्छता के अलावा फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं ड्रोन इमेजिंग प्रशिक्षण शामिल है। इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र पांच अक्तूबर शाम तीन बजे तक योजना अनुभाग में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

बिजली विभाग में जूनियर इंजीनियर और अंडमान लोक निर्माण विभाग में जूनियर इंजीनियर के पदों के लिए कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल परीक्षा के संशोधित सामान्य पाठ्यक्रम प्रशासन के आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है।

<><><><><><><>

वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, विभाग की ओर से विभिन्न जागरूकता एवं रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन कल से 8 अक्टूबर तक किए जा रहे हैं। इस सिलसिले में कल सुबह साढ़े 9 बजे से स्कूल और कॉलेज विद्यार्थियों के लिए 'आवासों का जुड़ाव, वन्यजीवों का संरक्षण' चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

<><><><><><><>

पहाड़गांव थाना में नयाबस्ती निवासी 37 वर्षीय महालाल मुर्मू के गुमशुदा होने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वह व्यक्ति धार्मिक अनुष्ठान के दौरान ब्रिचगंज स्थित काली मंदिर से लापता हो गए और उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है। व्यक्ति लगभग 5 फीट 5 इंच, रंग सांवला और उसने ग्रे और नीले रंग की हाफ–पैंट तथा हरे रंग की हाफ–स्लीव टी–शर्ट पहनी हुई है। जानकारी के अनुसार व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। पुलिस ने आम जनता से महालाल मुर्मू से संबंधित कोई भी जानकारी निकटतम पुलिस स्टेशन में देने की अपील की है।

<><><><><><><>

निकोबार जिले की जिला कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के अंतर्गत खंड तकनीकी प्रबंधक और सहायक तकनीकी प्रबंधक के संविदा पदों के पात्र उम्मीदवारों का साक्षात्कार 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे पेरका स्थित सहायक निदेशक कृषि कार्यालय में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><><>